उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने नक्षत्र एक्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन किया

कोटा, (निसं)। देशभर के विशिष्ट उत्पादों से माहेश्वरी भवन कोटा में सजेगा 16-17 अक्टूबर को नक्षत्र एक्जीबिशन-कोटा में विभिन्न प्रान्तों के विशिष्ट उत्पाद एक एक्जीबिशन में। भारतीय महिलाएं घरों में खाली बैठने के बजाय कुछ न कुछ बनाती रहती हैं। ऐसी महिलाओं को उद्यमिता की और अग्रसित करके एवं पहले से मौजूद महिला उद्यमियों की अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से "नक्षत्र"-एक नई सोच समूह द्धारा एक्जीबिशन की पहल महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहायक होगी। यह उद्धगार नक्षत्र ग्रुप द्वारा आयोजित होने वाली एक्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन करते हुये उप मुख्यमंत्री प्रिंसेस दीया कुमारी ने कहे।

नक्षत्र ग्रुप डायरेक्टर नीलम विजय ने बताया कि झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में आगामी 16-17

■ महिला उद्यमियों की एक्जीबिशन 16-17 अक्टूबर को

अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय"नक्षत्र एक्जीबिशन" में एक ही छत के नीचे भारत के विभिन्न प्रांतों के उत्पाद मिलने से शहरवासियों को शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। यहां लोग परिवार सहित खरीदारी के साथ फ़ूड कॉर्ट का आनंद ले सकेंगे। एक्जीबिशन में एक ही छत के नीचे हर तरह के उत्पादों की स्टॉल्स है। फूड जोन में लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। इस अवसर पर नक्षत्र ग्रुप ने उद्घाटन के लिये उप मुख्यमंत्री प्रिंसेस दीया कुमारी से आग्रह करते हुये बताया कि महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं व सहयोग के लिये भी समर्पित रूप से हम कार्य कर रहे है। पोस्टर विमोचन के अवसर नक्षत्र ग्रुप की ऋचा विजय, गार्गी चौहान, नीलम विजय, स्मिता पाटनी, कीर्ति खंडेलवाल, शिप्रा मित्तल व प्रीति जैन उपस्थित रहे।

कोटा में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के द्वारा एग्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

चाय बेचने वाले युवक ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। शहर के भीमगंजमंडी इलाके में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक विजय सिंह (36) मानसिंह बिल्डिंग के पास डडवाड़ा का रहने वाला था। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने का काम करता था। मंगलवार दोपहर 2 बजे करीब उसने कमरे में फांसी लगा ली। पता लगने पर परिजन उसे नीचे उतार कर इलाज के लिए हॉस्पिटल लाए। जहां उसकी मौत हो गई। एमबीएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बड़े भाई बबलू ने बताया कि विजय नाइट ड्यूटी करता था। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचता था। मंगलवार को अपने कमरे में था। पत्नी बच्चे को लेकर मायके गई हुई थी। दोपहर दो बजे करीब उसके कमरे में खाना रखकर आया था। उससे कहा था खाना खाकर सो जाना। करीब आधे घंटे बाद किराएदार ने आवाज लगाई। ऊपर जाकर देखा तो विजय फांसी पर लटका हुआ था। विजय रोज 1000-800 रुपए कमाता था। उसे कोई टेंशन नहीं थी। भीमगंजमंडी थाना हेड कॉन्स्टेबल सिराजुद्दीन ने बताया कि विजय ने कल दो बजे करीब घर में ही फांसी का फंदा लगा लिया। विजय शराब भी पीता था। अभी सुसाइड के कारण सामने नहीं आए है। जांच के बाद ही कारणों का पता लगेगा।

कोटा के डॉ रामचंदानी एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया राजस्थान चैप्टर के निर्विरोध मानद सचिव बने

कोटा, (निसं)। डॉक्टर जी.डी. रामचंदानी को एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) की राजस्थान चैप्टर का 'निर्विरोध मानद सचिव' नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी डॉक्टर रेनू सहगल ने बताया के हाल ही में आयोजित चुनाव में अजमेर के डॉक्टर संजीव माहेश्वरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।

उल्लेखनीय है कि डॉक्टर रामचंदानी राष्ट्रीय एपीआई के पांच वर्षों से सेंट्रल जोनल सदस्य हैं एवं राष्ट्रीय एपीआई एवं आईसीपी के ज्वाइंट सेक्रेटरी भी रह चुके हैं एवं संस्था को चलाने का 20 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखते है। डॉक्टर रामचंदनी पिछले सात वर्षों से राजस्थान फोरम ऑफ आईसीपी फैलोज के सचिव हैं एवं पिछले 10 वर्षों से आरएसएसडीआई (डायबिटीज की राज्य की संस्था) राजस्थान चैप्टर के सचिव भी हैं। डॉक्टर रामचंदनी ने बताया कि उनके मुख्य रूप से निम्न मुद्दों पर ध्यान रहेगा, नियमित क्लिनिकल मीटिंग्स और कार्यशालाएं आयोजित करना, सदस्यों के लिए ज्ञान और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करना, स्वास्थ्य सेवा से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाना, स्थानीय समुदायों के साथ स्वास्थ्य शिविर और अन्य सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करना, डिजिटल स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी कार्यक्रम आयोजित करना, सदस्यों के लिए अनुसंधान और शैक्षणिक अवसर प्रदान करना।



डॉ. जी.डी. रामचन्दानी

राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का विकास करना एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना। डॉक्टर रामचंदानी के नेतृत्व में, राजस्थान चैप्टर और भी नए आयामों को छुऐंगा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। एपीआई राजस्थान पिछले 34 वर्षों से देश के एक प्रमुख और प्रतिष्ठित अध्याय है, जो देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। द्ध

इस चैप्टर ने पिछले 8 वर्षों में दो राष्ट्रीय अध्यक्ष कोटा के डॉक्टर के.के. पारीक एवं डॉक्टर गिरीश माथुर और दो डीन का पद भी प्राप्त किया है, जो इसकी विशेषज्ञता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण हैं। राजस्थान से 1400 सदस्य एपीआई के आजीवन सदस्य हैं एवं 240 से ज्यादा आईसीपी के फेलोज है।

'विकसित भारत का सपना जल्द साकार होगा'

कोटा, (निसं)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का जन्मदिवस सेवा संकल्प पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है इसी के तहत बुधवार को भी टीम पंकज मेहता द्वारा सेवा कार्य किए गए और गायों की सेवा कर उन्हें हरा चारा खिलाया गया। कार्यक्रम संयोजक ललित चित्तौड़ा ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता के नेतृत्व में श्री कृष्ण मुरारी गौशाला दादाबाड़ी में गायों को हरा चारा खिलाया गया। इस दौरान पंकज मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की और अग्रसर है। देश-विदेश में जहां भी विपत्ति आती है, लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से काफी अपेक्षाएं करते हैं। देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का सपना भी जल्द साकार होगा।

टीम पंकज मेहता के संयोजक ललित चित्तौड़ा ने बताया कि सेवा संकल्प पखवाड़े के रूप में मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रहे हैं। आगामी समय में भी सेवा कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के दीघार्यु की कामना की गई। सेवा कार्य के दौरान ललित चित्तौड़ा, सुनील वैष्णव, जगदीश शर्मा, साजिद जावेद, अंकुर गोयल, सागर शुभम, श्यामा, लालचंद वर्मा, भगवान शर्मा, महावीर वैष्णव, महेन्द्र शर्मा, परमानंद, कुलदीप शर्मा, राहुल आनंद भूषण सैनी, राकेश सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कोटा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न समाज उपयोगी कार्य किए गए।

सार-समाचार

विवाहिता ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। बारां जिले के कस्बा थाना क्षेत्र में गृह क्लेश के चलते विवाहिता ने अज्ञात विषाक्त खा लिया। ईलाज के दौरान विवाहिता की कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मौत हो गई। विवाहिता पूजा (23) आगर की रहने वाली थी। मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। पिता डब्बू ने बताया कि 2 साल पहले पूजा की शादी आगर निवासी सतीश के साथ की थी। शादी के कुछ महीने बाद ही दामाद व ससुराल वाले 10 लाख की डिमांड करने लगे। मना करने पर सतीश, पूजा के साथ मारपीट करता था। इसकी शिकायत पहले भी कस्बा थाने में दी थी। कुछ समय ठीक से रहने के बाद फिर से दामाद सतीश बेटी पूजा से मारपीट करने लगा। 15 सितंबर को बेटी से मारपीट कर अज्ञात जहर खिला दिया। फिर हॉस्पिटल लेकर आ गए। ससुराल वालों ने इसकी सूचना उन्हें नहीं दी। कोटा आकर देखा पूजा के सिर और आंख पर चोट के निशान थे। कस्बा थाना एसएचओ चंदभान सिंह ने बताया कि पूजा एमपी के शिवपुरी की रहने वाली थी। उसका पति सतीश खेती- बाड़ी करता है। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में अनबन रहती थी। पूजा के पिता ने बताया कि सतीश उससे मारपीट व लड़ाई-झगड़ा करता था। 16 सितंबर की सुबह 7 बजे करीब पूजा ने अज्ञात विषाक्त के सेवन से उसकी तबियत बिगड़ी। उल्टियां होने लगी। परिजन उसे ईलाज के लिए कस्बाथाना लेकर पहुंचे। फिर वहां से केलवाड़ा लाऐं। जहां से उसे इलाज के लिए कोटा रेफर किया गया। न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान देर रात पूजा ने दम तोड़ दिया। पूजा के पिता कोटा आए है। पिता ने दहेज के लिए परेशान करने की बात बताई है। पिता की शिकायत के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी में कोटा से दो का चयन

कोटा, (निसं)। देशभर में स्थित विभिन्न दिगम्बर जैन तीर्थों की देखरेख करने उन्हें एक संयोजित व्यवस्था के अंतर्गत लाने अखिल भारतीय संस्था, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राजस्थान अंचल से कोटा के दो नामों का चयन किया गया है। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने बताया कि सकल जैन समाज के मुख्य संयोजक व सकल दिगम्बर समाज कोटा के कार्याध्यक्ष जे.के. जैन को विशिष्ठ उपाध्यक्ष व एडवोकट संदीप जैन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष नांता ने बताया कि इस नियुक्त से कोटा सहित राजस्थान में हर्ष की लहर है। कोटा के दोनो जैन बंधुओं ने शहर का नाम रोशन किया है। सकल जैन समाज से असंख्य शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है। यह कार्य करती है संस्था:- नवयुक्त विशिष्ठ उपाध्यक्ष जे.के. जैन ने बताया कि प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर, क्षेत्रों (सिद्ध क्षेत्र, अतिशय क्षेत्र, अन्य क्षेत्र), प्रतिमाओं (मूर्तियों), लिपि, शिलालेखों की पहचान व खोज करना और तीर्थक्षेत्रों के बारे में विस्तृत सर्वेक्षण करवाना तथा दिगंबर जैन क्षेत्र या मंदिर की मरम्मत/जीर्णोद्धार करके हमारी प्राचीन विरासत की रक्षा करना संस्था का कार्य है। नवयुक्त राज.उपाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि यह तीर्थक्षेत्र मुख्यत: उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडू, केरल और आंध्र प्रदेश में स्थित है।

शिविर में 54 स्वच्छता मित्रों ने जांच कराई

कोटा, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत कोटा मंडल में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलकर्मियों ने स्वच्छता श्रमदान संकल्प के साथ अभियान की शुरूवात की। इसी क्रम में दिनांक 18 सितम्बर को स्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिन कोटा रेलवे स्टेशन पर रेलवे मंडल चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्टेशन पर नियुक्त संविदा स्वच्छता मित्रों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता मित्रों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया। इस स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेसर, मधुमेह, वजन एवं अन्य सामान्य जांचे की गई। जिसमे कोटा स्टेशन पर तैनात 54 स्वच्छता मित्रों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत अगले चरण 19 सितम्बर को स्वच्छता प्रभात फेरी, साईकिल रेस एवं मैराथन का आयोजन का आयोजन किया गया।

विमुक्त, घुमन्तु लोगों से संवाद आज

कोटा, (निसं)। कोटा जिले के विमुक्त, घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु, आवासहीन व्यक्तियों की व्यावहारिक समस्याएं जानने और उनके साथ संवाद के लिए गुरूवार दोपहर 1 बजे यूआईटी ऑडिटोरियम में आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर होंगे।

जिला कलेक्टर ने मोशन के स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने कहा कि उम्मीद का दामन कभी ना छोड़ें, सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी। डॉ.गोस्वामी ने बुधवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैम्पस में कोचिंग स्टूडेंट्स से संवाद के दौरान यह बात कही। जिला कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के साथ विद्यार्थी जीवन के अपने अनुभव बांटे। बातचीत के साथ हंसी-मजाक की। बच्चों की समस्याओं को जाना, उनकी बात सुनी, उनके प्रश्नों के उत्तर दिऐं। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि सफलता के लिए अपने मजबूत और कमजोर पक्ष को जानना जरूरी है। हमेशा हारता वही है जो खुद को नहीं पहचानता। ज्वाइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा, डिप्टी डायरेक्टर आशीष वाजपेयी तथा अन्य सीनियर फेकल्टी भी इस दौरान मौजूद थे। एक विद्यार्थी ने पूछा कि जीवन में दोस्त कैसे चुनने चाहिए, जिला कलेक्टर गोस्वामी ने कहा-जीवन में दोस्त ऐसे होने चाहिए, जो आपको हैप्पीनेस दे या आपके लक्ष्य को पाने में मदद करें। एक छात्र ने जिला कलेक्टर से कहा कि उसे पढ़ाई के बाद भी आत्मविश्वास नहीं आ पाता। स्वयं की तैयारी पर शंका बनी रहती है।

दो दिवसीय सिन्धु डांडिया-2024 आगामी 5 व 6 अक्टूबर को होगा

कोटा, (निसं)। सिन्धु सोशल सर्किल की ओर से सिन्धु महिला सर्किल और सिन्धु यूथ सर्किल के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सिन्धु डांडिया 2024-'मौज' (तरंग साज और आवाज की) आगामी 5 व 6 अक्टूबर को फाईव फ्लावर्स अनंता इलीट के प्रांगण में होगा, जिसके वेन्यू पार्टनर फाइव फ्लावर्स अनंता इलीट होटल समूह हैं। सर्किल के संरक्षक किशोर मदनानी ने बताया कि सिंधु डांडिया का मकसद सिंधी समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।

अध्यक्ष कमल सपरा ने बताया कि इस दो दिवसीय डांडिया महोत्सव में पारंपरिक डांडिया नृत्य के साथ-साथ सिन्धी लोक नृत्य छेज को भी शामिल किया जाता है। डांडिया चेयरमैन अशोक झमटानी ने बताया कि इन दोनों दिवसों पर सिंधु महिला सर्कल और सिंधु यूथ सर्कल की टीम अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगी। सचिव राजेश ग्वालानी ने बताया कि डांडिया महोत्सव स्थल पर प्रतिदिन माता की आराधना और प्रसाद वितरण किया जाता हैं, प्रतिदिन लकी ड्रा भी निकाला जाता है। सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी ने बताया कि डांडिया महोत्सव में 6 से 12 वर्ष ,12 से 18 वर्ष, 18 वर्ष के ऊपर के सभी युवाओं और विवाहित जोड़ो के लिए डांडिया नृत्य प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है जिसमें प्रतिदिन अनेक पुरस्कार दिए जाते हैं।

पत्रकार वार्ता में पी.डी. प्रकाश वीर नाथानी, अशोक आहूजा, सिंधु महिला सर्कल पी.डी. पूनम रतनानी, सह पी.डी. रीटा अजवानी, सिंधु यूथ सर्कल पी.डी. विजय झमतानी सिंधु यूथ सर्कल के पदाधिकारी, सिंधु सोशल सर्कल के उपाद्यक्ष संतोष करमचंदानी, सह-सचिव मोहन इसरानी, कोषाध्यक्ष अनूप दीवानी, डांडिया कोषाध्यक्ष मनोहर दायानी, सिन्धु महिला सर्किल सलाहकार भागवंती खूबचंदानी, अध्यक्षा नीतू वनवानी,सचिव निर्मला अहुजा, पूर्व अध्यक्ष विमल परियानी और सांस्कृतिक समिति के प्रेम संतवाणी आदि उपस्थित थे।

कोटा में सिंधु डांडिया के पोस्टर का विमोचन किया गया।

कोटा के समाजसेवी सम्मानित होंगे

कोटा, (निसं)। यंग इंडियन कोटा चैप्टर समाजसेवी संस्था द्वारा 28 सितंबर को सांय 06 बजे प्राइड ऑफ कोटा का आयोजन हरियाली रिसॉर्ट पर किया जा रहा है। चेयर चिराग जैन ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा रखने वाले कोटा के 10 सर्वश्रेष्ठ लोगों/ संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। ये प्रतिभाएं पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा संवर्धन, जल व नदियों के बचाव, स्वास्थ्य व सेहत जागरूकता, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में सेवा व कोटा शहर का देश मी नाम रोशन करने वाले श्रेष्ठ व्यक्तियों/संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। को-चेयर ध्रुवी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के लिए विभिन्न समितियां बनाकर कार्य का विभाजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर महिमन राठी व अंकिता जैन होंगे।

सुहानी के माइंड रीडिंग कला और लिसा मिश्रा का संगीत-चेयर चिराग जैन ने बताया कि प्राईड ऑफ कोटा की शाम में सुहानी शाह की दिमाग पढ़ने की कला का नज़ारा और लिसा मिश्रा की सुरीली आवाज का आनंद भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि सुहानी शाह मेंडलिस्ट के क्षेत्र में चर्चित नाम है। सुहानी शाह भारतीय मानसिक विशेषज्ञ, मेंडलिस्ट और यूट्यूबर हैं। उन्होंने 5 हजार से अधिक शो किए हैं। ऑल इंडिया मैजिक एसोसिएशन द्वारा जादूपरी की उपाधि से सम्मानित किया है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम कुरेश अली से बदलकर नया नाम कुरेश अली जीनवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-कुरेश अली जीनवाला पुत्र असगर अली नगर पालिका रोड बोहरा मोहल्ला भवानीमंडी झालावाड़

नाम परिवर्तन

यह कि हम 1. सौरभ कसेरा (पिता) 2. प्रियंका कसेरा (माता) हमने अपनी पुत्री का पुराना नाम पिहु उर्फ रिद्दम कसेरा से बदलकर नया नाम रिद्दम कसेरा रख दिया है। भविष्य में हमारी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-रिद्दम कसेरा पुत्री सौरभ कसेरा बावलियों की गली चोमुखा सर्राफा बाजार बून्दी

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम ROAY KOUR से बदलकर नया नाम ROJI KAUR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-रोजी कौर पत्नी प्रदीप सिंह मथारु 1632 सुभाष नगर सेकण्ड सरकारी स्कूल के पास अनन्तपुरा कोटा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर निंदा की

कोटा, (निसं)। राजस्थान महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने भाजपा सरकार के केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह, महाराष्ट्र की शिंदे शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ जैसे नेताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर की है।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देशानुसार राजस्थान में जिलेवार महिला काँग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फ़ूक कर, धरना-प्रदर्शन कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। गौतम ने बयान दिया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी जरूर भाजपा नेताओं के मुंह से निकली है परंतु यह सब शब्द प्रधानमंत्री के है। लोकतंत्र मे एक मजबूत विपक्ष एवं एक मजबूत आवाज बनकर लगातार भाजपा सरकार के नेताओं का असली चेहरा उजागर करने का काम कर रहे है लोकतंत्र मे संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। इसी वजह से भाजपा के नेता बोखलाकर पंजाब से आने वाले मंत्री राहुल गांधी को आतंकवादी बात रहे है , वही महाराष्ट्र मे भी भाजपा की सरकार है वह के भाजपा के नेता बोलते है की राहुल गांधी की जबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपये दिए जाएंगे, वही दिल्ली के भाजपा के नेता बोलते है की राहुल गांधी चुप व खामोश नहीं हुऐं, हर वर्ग के साथ उनकी हर परिस्थिती मे खड़े मिले तो उनका भी वही हर्ष होगा जो इंद्रा गांधी का हुआ है।

इन सब बयानों से स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार हिंसा का समर्थन करती रही है। ऐसे बयानों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुप्पी हैरान करने वाली है तथा दिखाता है कि अपनी सत्ता कायम रखने के लिए भाजपा किस निम्न स्तर तक जा सकती है। राखी गौतम ने कहा की राजस्थान महिला कांग्रेस प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को चेताना चाहती है की या तो प्रधानमंत्री एवं ग्रहमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि यह बयान भाजपा का है या नहीं और यदि यह बयान व्यक्तिगत है तो पार्टी उस पर क्या कार्रवाई कर रही है। गौतम ने मुख्य रूप से भाजपा के नेताओं से माफ़ी की मांग की और यदि बयानबाज़ी नहीं रुकी, तो महिला कांग्रेस द्वारा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

कोटा में महिला कांग्रेस ने भाजपा नेताओं और मंत्रियों का पुतला फूंका।

कार्यालय महाप्रबंधक, ईआरसीपीसी पी.आई.यू. कोटा

आइएमटीआई परिसर दादाबाड़ी रोड़, Email ID – piu1kota.ercpc@gmail.com, SAN No. 8006540134000063

क्रमांक :- 438 दिनांक :- 18/09/2024

आम सूचना

(अन्तर्गत भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-6)

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानुसार जिला बून्दी की तहसील इन्द्रगढ़ तथा जिला कोटा की तहसील दिगोद में नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत नवनेरा बैराज के डिलीवरी सिस्टर्न से मेज एनीकट तक सभी संरचनाओं सहित फीडर के निर्माण से प्रभावित ग्रामों में निजी खातेदारी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अर्जन हेतु भूमि अवाप्ति अधिनियम, 2013 की धारा 5 एवं राज्य सरकार के नियम 2016 के नियम 7 के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर दिनांक 30.08.2024 से 02.09.2024 तक ग्रामवार जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त प्रतिवेदनों को संकलित कर संस्था सीडेक्स जयपुर द्वारा हिन्दी भाषा में तैयार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अन्तिम रिपोर्ट अधिनियम 2013 की धारा-6 एवं राज्य सरकार के नियम 2016 के नियम-8 के प्रावधानुसार सम्बन्धित उपखण्ड कार्यालय, सम्बन्धित तहसील कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आमजन अवलोकनार्थ उपलब्ध है तथा उक्त अन्तिम रिपोर्ट विभागीय वेबसाईट (www.water.rajasthan.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

महाप्रबंधक
पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना निगम, पी.आई.यू., कोटा

राज.संवाद/सी/24/5348

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/10080 दिनांक: 18.09.24

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना माखीजा पत्नी श्री महेश माखीजा निवासी भूखंड संख्या 136 शक्ति नगर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 13 वल्लभ नगर कोटा क्षेत्रफल 5400 वर्गफुट का आवासीय से मिश्रित (आवासीय एवं व्यवसायिक) भू-उपयोग परिवर्तन करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 13 वल्लभ नगर का स्वामित्व कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक LSG/KOTA SOUTH/MUT/2023-24/59108 दिनांक 22.09.2023 से श्रीमती मीना माखीजा पत्नी श्री महेश माखीजा के नाम हस्तांतरित किया गया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन करने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का आवासीय से मिश्रित भू-उपयोग परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3233 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.8.24

आवास संख्या 1-ठ-7 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री जेठानन्द को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री जेठानन्द के नाम दिनांक 20.06.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री जेठानन्द द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 07.02.1992 को आम मुख्तियार नामा आलेखित कर श्री ललित मोहन पुत्र श्री शान्ती स्वरुप को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया। श्री ललित मोहन पुत्र श्री शान्ती स्वरुप मुख्तार आम श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री जेठानन्द द्वारा आम मुख्तियार नामा धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.09.1999 को श्री शान्ति स्वरुप पुत्र श्री चौखे लाल को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर पुत्र श्री चौखे लाल की मृत्यु दिनांक 11.04.2020 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री ललित मोहन प्रभाकर पुत्र स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर, श्रीमती पूजा रानी पुत्री स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर पत्नी श्री प्रवीन कुमार एवं श्री प्रदीप प्रभाकर पुत्र स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक-त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 20.06.2024 को श्रीमती श्याम लता प्रभाकर पत्नी स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर के पक्ष में किया गया। श्रीमती श्याम लता प्रभाकर पत्नी स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ठ-7 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक-त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक-त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती श्याम लता प्रभाकर पत्नी स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती श्याम लता प्रभाकर पत्नी स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती श्याम लता प्रभाकर पत्नी स्व. श्री शान्ति स्वरुप प्रभाकर के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा